LJ-1056

B.A. (Part-II)
Term End Examination, 2021

HINDI LITERATURE

Paper - I

अर्वाचीन हिन्दी काव्य

Time : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75
[*Minimum Pass Marks* : 25

नोट : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं। अशुद्धि, अस्वच्छता एवं अनर्गल लेखन पर अंक काटे जायेंगे।

1. निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7×3

(क) हम कौन थे, क्या हो गये हैं और क्या होंगे अभी,
आओ विचारें आज मिलकर ये समस्याएँ सभी।
यद्यपि हमें इतिहास अपना प्राप्त पूरा है नहीं,
हम कौन थे इस ज्ञान को, फिर भी अधूरा है नहीं।

अथवा

हाय! मृत्यु का ऐसा अमर, अपार्थिव पूजन?
जब विषण्व, निर्जीव पड़ा हो जग का जीवन!

संग सौध में हो श्रृंगार मरण का शोभन,
नग्न, क्षुधातुर, वास-विहीन रहें जीवित जन?
मानव! ऐसी भी विरक्ति क्या जीवन के प्रति?
आत्मा का अपमान, प्रेत औ' छाया से रति।

(ख) तुम्हीं जब याद की टीसें भुलाते हो
भला फिर प्यार का अभिमान क्यों जीवे?
तुम्हीं बलिदान के मंदिर गिराते हो
भला मधुदान का मेहमान क्यों जीवे?
भुला दी सूलियाँ? जैसे सभी कुछ
जमाने से तीलियों से पा लिया तुमने
न तुम बदले, न युग बदला, भले साथी
बताओ तो किसे बहला दिया तुमने।

अथवा

जनता पर जादू चला राजे के समाज का
लोक नारियों के लिए रानियाँ आदर्श हुई
धर्म का बढ़ावा रहा धोखे से भरा हुआ
लोहा बजा धर्म पर, सभ्यता के नाम पर
खून की नदी बही
आँख-कान-मूँदकर जनता ने डुबकियाँ लीं
आँख खुली, राजे ने अपनी रखवाली की।

(ग) दिया मन को दिलासा-पुनः आऊँगा
भले ही बरस-दिन-अनगिन युगों के बाद
क्षितिज ने पलक-सी खोली
तमक कर दामिनी बोली:
"अरे यायावर, रहेगा याद।

अथवा

भारत माता
ग्रामवासिनी
खेतों में फैला है श्यामल
धूल भरा मैला-सा आँचल
गंगा-यमुना में आँसू जल
मिट्टी की प्रतिमा
उदासिनी।

2. राष्ट्रकवि के रूप में मैथिलीशरण गुप्त का मूल्यांकन कीजिए। 12

अथवा

निराला के भाव पक्ष और कला पक्ष के वैशिष्ट्य को प्रतिपादित कीजिए।

3. माखनलाल चतुर्वेदी की राष्ट्रीय कविताओं की समीक्षा कीजिए। 12

अथवा

अज्ञेय की उपमान, बिम्ब एवं प्रतीक योजना पर प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 3×5
   (क) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' का साहित्यिक परिचय
   (ख) शुभद्रा कुमारी चौहान का राष्ट्रीय भावना
   (ग) श्रीकांत वर्मा की काव्य भाषा
   (घ) पंत के काव्य में प्रकृति का मानवीकरण
   (ङ) छायावाद की प्रमुख विशेषताएँ

(च) मुक्त छंद की अवधारणा

(छ) नई कविता की प्रमुख विशेषताएँ

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×15

(क) 'छायावाद का घोषणा पत्र' किस काव्य संकलन को माना जाता है?

(ख) 'नकेनवाद' के प्रवर्तक कवियों के नाम लिखिए।

(ग) 'निशा निमंत्रण' किसकी रचना है?

(घ) 'हिम किरीटनी' किसकी रचना है?

(ङ) 'चांद' पत्रिका का सम्पादन किसने किया?

(च) 'प्रियप्रवास' किस कवि की कृति है?

(छ) मैथिलीशरण गुप्त के एक खण्डकाव्य का नाम लिखिए।

(ज) 'पुष्प की अभिलाषा' कविता का रचना स्थल का नाम बताइए।

(झ) 'द्रुत झरो जगत के जीर्ण पत्र' किस कवि की पंक्तियाँ हैं?

(ञ) 'हरी घास में क्षणभर' किस कवि की रचना है?

(ट) छायावाद के कवि चतुष्ठय का नाम बताइए।

(ठ) 'प्रगतिवाद के गायक' किस कवि को कहा जाता है?

(ड) 'वीरों का कैसा हो बसंत' के रचनाकार का नाम लिखिए

(ढ) 'मायादर्पण' किसने लिखा है?

(ण) 'विशाल भारत' पत्रिका से किस साहित्यकार का संबंध था?